Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding development of Dubri Sanjay Tiger Reserve in Madhya Pradesh -laid.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) : मैं माननीय पर्यावरण व पर्यटन मंत्री से निवेदन करना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी में दुबरी संजय टाईगर रिजर्व है, यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि सफेद शेर मोहन सबसे पहले यहीं देखा गया था। विगत कार्यकाल में मेरे आग्रह पर केन्द्र सरकार द्वारा 290 करोड़ रूपये की राशि प्रदान कर इसका विस्तार किया गया था परंतु पर्याप्त विस्तार न हो सका, यहां की प्राकृतिक सुंदरता होने के बावजूद सुविधाओं के अभाव में पर्यटक चाह कर भी नहीं आते । मेरा माननीय मंत्री महोदय जी से आग्रह है कि उक्त स्थल का एक बार केन्द्रीय टीम से अवलोकन करा कर पर्याप्त विस्तार करना, पर्यावरण व पर्यटन तथा वन्य प्राणी संरक्षण की दिशा में पहल अभिनंदनीय होगी।